सं.ए-45011/2/2019-प्रशा.III
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
********

नई दिल्ली, दिनांक: 15th मई, 2019

**कार्यालय ज्ञापन**

मुझे आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित अप्रैल, 2019 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की प्रति परिचालित करने का निदेश हुआ है।

(के. राजारामन)
अपर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 23093230/5012

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
4. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
5. प्रधानमंत्री के निजी सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
6. मत्रिमंडल सचिव के निजी सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
7. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
   सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, वित्त राज्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी।
10. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
11. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
12. अपर सचिव (एफबी एंड एडीबी), आर्थिक कार्य विभाग।
13. डा. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
15. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष।
   संयुक्त सचिव (बजट)/संयुक्त सचिव (सीएंडसी/यूएनएंडओएमआई)/संयुक्त सचिव (आईपीएफ)/संयुक्त सचिव (एफएम)/सलाहकार (आईईआर)/ संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (वित्त)/सीएए।
16. सुश्री राजश्री रे, सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
17. डा. शशांक सक्सेना, सलाहकार (एफएसआरएल), आर्थिक कार्य विभाग।
18. श्री अरूण कुमार, सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
19. गार्ड फाइल - 2019

सं. ए.-45011/2/2019-प्रशा.।।।

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

---------

**विषयः अप्रैल, 2019 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

मुझे उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 5/08/2014 के अ.शा.प.सं. 502/1/2/2014 सीएवी और दि. 28.04.2016 के आईडी नोट का संदर्भ देने और अप्रैल, 2019 माह हेतु आर्थिक कार्य विभाग के संबंध में अपेक्षित सूचना अग्रेषित करने का निदेश हुआ हैः-

**I. माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और बड़ी उपलब्धियाँ।**

**1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन**

1.1 *उपभोक्ता मूल्य सूचकांक* (नई श्रृंखला-संयुक्त) *पर आधारित हैडलाइन मुद्रास्फीति* मार्च, 2018 में 4.3% की तुलना में मार्च, 2019 में 2.9% थी। *थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति* मार्च, 2018 में 2.7% की तुलना में मार्च, 2019 में 3.2% रहीं।

1.2 दिनांक 20 अप्रैल 2018 के 8.70/9.45% की तुलना में 19 अप्रैल, 2019 को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों हेतु आधार ब्याज दर 8.95/9.40% रहा। 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल दिनांक 20 अप्रैल 2018 के 7.73% की तुलना में 19 अप्रैल 2019 को 7.45% रहा। आरबीआई द्वारा अप्रैल के प्रारंभ में पॉलिसी रैपो दर घटाकर 6% कर दी गई और पॉलिसी दर पिछले वर्ष अप्रैल के दर के बराबर ही है। हालांकि इस वर्ष भी आधार ब्याज दर उच्च ही रहा। यद्यपि सरकारी प्रतिभूतियों का दर पिछले वर्ष से कम है, तथापि आधार ब्याज दर पिछले वर्ष से अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि मौद्रिक नीति का प्रसारण वास्तव में कोई लाभ नहीं दे रहा और बैंक अधिक मूल्य लगा रहे हैं।

1.3 भारत का *व्यापार घाटा* 2017-18 (अप्रैल-दिसम्बर) में 118.4 बिलियन अमरीकी डालर (जीडीपी का 1.8 प्रतिशत) से बढ़कर 2018-19 (अप्रैल-दिसम्बर) में 145.3 बिलियन अमरीकी डालर (जीडीपी का 2.6 प्रतिशत) हो गया। मुख्य रूप से कुल सेवा अर्जनों और निजी अंतरण प्राप्तियों में बढ़त के कारण अप्रैल-दिसम्बर, 2018 में *निवल अदृश्य प्राप्तियां* उच्च रहीं। अप्रैल-दिसम्बर, 2018 में *निवल एफडीआई अंतर्वाह* अप्रैल-दिसम्बर, 2017 के 23.9 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 24.8 बिलियन अमरीकी डालर हो गया। पोर्टफोलियो निवेश में एक वर्ष पूर्व 19.8 बिलियन अमरीकी डालर अंतर्वाह की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर, 2018 में 11.9 बिलियन अमरीकी डालर का निवल बहिर्वाह दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसम्बर, 2018 में विदेशी मुद्रा भंडार में 17.5 बिलियन अमरीकी डालर (बीओपी आधार पर) की कमी आई।

1.4 *भारत का विदेशी मुद्रा भंडार* 29 मार्च, 2019 के 411.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के स्तर से 2.2 बिलियन अमरीकी डालर की बढ़त दर्शाते हुए 19 अप्रैल, 2019 की स्थिति अनुसार 414.1 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। मार्च, 2019 में 69.48 रुपये प्रति अमरीकी डॉलर की तुलना में *रुपए का औसत मासिक विनिमय दर* (संदर्भ दर) अप्रैल, 2019 माह में 69.47 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर रही।

1.5 केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (वर्ष 2011-12 की नई श्रृंखला पर आधारित) द्वारा जारी त्वरित अनुमानों के अनुसार, *औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी)* में फरवरी, 2018 में 6.9% की बढ़त की तुलना में फरवरी, 2019 में 0.1% की बढ़त दर्ज की गयी।

1.6 अप्रैल-फरवरी, 2017-18 के दौरान 4.3 प्रतिशत की बढ़त की तुलना में अप्रैल-फरवरी, 2018-19 की अवधि में संचयी आधार पर, औद्योगिक बढ़त 4.0 प्रतिशत रही। *आठ मुख्य उद्योगों* में मार्च, 2018 में 4.5 प्रतिशत की तुलना में मार्च, 2019 में 4.7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। *मुख्य उद्योगों की बढ़त* अप्रैल-मार्च, 2017-18 के दौरान 4.3 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-मार्च, 2018-19 के दौरान 4.3 प्रतिशत रही।

1.7 भारत का *व्यापारिक माल* निर्यात मार्च, 2018 के दौरान 29.3 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 11.0% की बढ़त दर्शाते हुए मार्च, 2019 के दौरान 32.5 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। भारत का *आयात* मार्च, 2018 में 42.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के आयात मूल्य के स्तर की तुलना में 1.4 प्रतिशत बढ़कर मार्च, 2019 के दौरान 43.4 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

1.8 भारत का *तेल आयात* मार्च, 2019 के दौरान 11.7 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा जो कि मार्च, 2018 में 11.1 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में 5.5 प्रतिशत कम था। *व्यापार घाटा* मार्च, 2018 के दौरान 13.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के घाटे की तुलना में मार्च, 2019 में 10.9 बिलियन अमरीकी डॉलर अनुमानित था। फरवरी, 2019 के दौरान सेवाओं का निर्यात और आयात 16.6 बिलियन अमरीकी डॉलर और 9.8 बिलियन अमरीकी डालर रहा। सेवाओं में व्यापार शेष फरवरी, 2019 में 6.8 बिलियन अमरीकी डॉलर अनुमानित था।

## 2. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

2.1 (क) सेबी ने व्यापक वित्तीय समावेशन की स्थिति प्राप्त करने और डीमैट खातों की होल्डिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "बेसिक सर्विसेज डीमैट अकाउन्ट" (बीएसडीए) में ऋण प्रतिभूतियों के स्वामित्व हेतु मूल्य ढांचे को युक्तिसंगत बनाया है। उम्मीद है कि इससे भारत में ऋण निर्गमनों की लागत में कमी आएगी और ऋण बाजार में भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

(ख) विभाग की संचालन समिति ने भारत में अवसंरचना की नॉन-बैंक वित्तीयन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित क्रेडिट संवर्धन कंपनी हेतु विश्व बैंक से 0.86 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुदान के रूप में सहायता हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अनुमोदन किया हैं। इससे क्रेडिट संवर्धन कंपनी शीघ्र शुरू करने में मदद मिलेगी।

**2.2 अप्रैल, 2019 माह के दौरान निम्न बैठकें आयोजित की गईः-**

(क) वित्त मंत्री महोदय ने भारतीय शिष्टमण्डल के साथ न्यूयार्क में निवेशकों के साथ वार्ता में भाग लिया। वित्त सचिव ने दिनांक 11 से 14 अप्रैल 2019 तक वाशिंगटन डीसी, सं.रा.अ में हुई विश्व बैंक/आईएमएफ की स्प्रिंग बैंठकों में भाग लिया और भारतीय शिष्टमंडल का प्रतिनिधित्व किया।

(ख) वित्त सचिव ने श्री रजत कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव (आईआर और वीसी प्रभाग) के साथ योकोहामा, जापान में दि. 30 अप्रैल से 1 मई, 2019 तक जापानी जी-20 प्रेसिडेन्सी के तहत द्वितीय शेरपा बैठक में भारत के जी-20 शेरपा के तौर पर भी भारतीय शिष्टमंडल का प्रतिनिधित्व किया।

(ग) दि. 26 अप्रैल, 2019 को न्यूयार्क में वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की एक पूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें डॉ.सी.एस. मोहपात्रा, अपर सचिव (वित्तीय स्थिरता और साइबर सुरक्षा) ने भाग लिया।

**3. न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**4. एसीसी के निदेशों/आदेशों का पालन न किया जाना**

शून्य।

**5. माह के दौरान स्वीकृत किए गए एफडीआई प्रस्ताव और विभाग में अनुमोदन हेतु लंबित एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| स्वीकृत किए गएः | 00 |
| विभाग में अनुमोदन हेतु लंबितः | 09 |

*******